卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 213 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦10 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## थलपति विजय ने संभाली तमिलनाडु की कमान

### शपथ लेने के बाद 200 यूनिट मुफ्त बिजली का किया ऐलान

चेन्नई (उद संवाददाता)। तमिलनाडु की राजनीति में रविवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। अभिनेता से राजनेता बने थलपति विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर राज्य की सत्ता संभाल ली। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विजय के साथ उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम के नौ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर पिछले कई दिनों से राजनीतिक हलचल तेज थी। वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन के बाद विजय सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा जुटाने में सफल रहे। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री नियुक्त करते



हुए 13 मई तक विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के निर्देश दिए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। इसके अलावा विजय के माता पिता, अभिनेत्री तृषा कृष्णन, कई फिल्मी हस्तियां, राजनीतिक दलों के नेता और हजारों समर्थक समारोह के गवाह बने। प्रोटोकॉल के तहत निवर्तमान मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को भी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था। समारोह के दौरान स्टेडियम में विजय समर्थकों का भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। बताया गया कि पहले शपथ ग्रहण का समय दोपहर बाद तय किया गया था, लेकिन बाद में इसे बदलकर सुबह 10 बजे किया गया। विजय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए कहा कि तमिलनाडु में अब नई सोच और नई शासन व्यवस्था की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर काम करेगी। मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि टीवीके की जीत में बच्चों और युवाओं की बड़ी भूमिका रही है, क्योंकि उन्होंने अपने परिवारों को पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कांग्रेस, वीसीके और वामपंथी दलों का समर्थन देने के लिए आभार जताया। विजय ने कहा कि सरकार का एकमात्र सत्ता केंद्र मुख्यमंत्री कार्यालय होगा और जनता के हित सर्वोपरि रहेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय ने बड़े फैसलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने घरेलू (शेष पृष्ठ 7 पर)

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री धामी

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न संगठनात्मक और समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड की पारंपरिक पहचान और प्राकृतिक उत्पादों का प्रतीक माने जाने वाले



शुद्ध शहद को उपहार स्वरूप भेंट किया। मुख्यमंत्री धामी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पार्टी संगठन को मजबूत करने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों, जनसरोकारों तथा प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने उत्तराखण्ड में चल रहे विकास कार्यों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और संगठन के शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन (शेष पृष्ठ सात पर)

## इंग्लैंड भेजने के नाम पर 17 लाख की ठगी

नानकमत्ता। विदेश में नौकरी दिलाने और इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर युवक से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जोगीठेर नगला, प्रतापपुर नंबर-4 निवासी मन्दीप सिंह पुत्र चरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब छह माह पहले उसकी मुलाकात पंजाब के जालंधर निवासी अनिल कुमार औजला से हुई थी। आरोप है कि अनिल कुमार ने उसे इंग्लैंड में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया और वीजा लगवाने की बात कही। पीड़ित के अनुसार वह अनिल कुमार की बातों में आ गया और अपना पासपोर्ट उसे सौंप दिया। इसके बाद अनिल कुमार ने अपने साथी हैदराबाद निवासी मो. अबरार अहमद के साथ मिलकर "जयन्त रेडी इंटरनेशनल टाई क्वांडो अकेडमी, हैदराबाद" नामक संस्था के जरिए फर्जी प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज तैयार कराए। मन्दीप सिंह का कहना है कि वह कभी भी उक्त संस्था में नहीं गया और उसे संस्था के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। आरोपींप कि आरोपियों ने उसके और उसके पिता के हस्ताक्षर सादे कागजों पर करवाकर व्हाट्सएप के माध्यम से मंगवाए। इसके बाद बीएफएस में वीजा के लिए फाइल लगाई गई और उसे इंटरव्यू के लिए हैदराबाद बुलाया गया। वहां आरोपियों ने एक बंद लिफाफा देकर बिना खोले बीएफएस कार्यालय में जमा करने को कहा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कुछ दिन बाद आरोपियों ने वीजा और टिकट की फोटो भेजकर पैसे की मांग की। इस दौरान उसने अलग-अलग खातों में यूपीआई, आरटीजीएस और मोबाइल ट्रांसफर के जरिए करीब 17 (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद घर से लाखों की चोरी का खुलासा,तीन दबोचे

### 500 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद मिली सफलता,लाखों की नकदी और जेवर बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी में बंद मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए अंतरजनपदीय शातिर चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण, नगदी, चोरी में प्रयुक्त सामान और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मामले का खुलासा एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान किया। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि 19 अप्रैल 2026 की रात थाना किच्छा क्षेत्र अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए घर में रखे सोने चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली थी। मामले में 20 अप्रैल को राजेंद्र कुमार गोयल की तहरीर के आधार पर थाना किच्छा में मुकदमा



दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा विवेचना उपनिरीक्षक जयप्रकाश को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों ने किच्छा, रूद्रपुर, बहेड़ी, बरेली, रामपुर और सितारगंज क्षेत्र के लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। लगातार सुरागरसी, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी। नौ मई को मुखबिर से सूचना मिली कि जिन चोरों की तलाश की जा रही है वे सितारगंज के केशवनगर क्षेत्र में मौजूद हैं, जहां दीपक गुप्ता का नया मकान निर्माणाधीन है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए केशवनगर कॉलोनी में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक गुप्ता उर्फ जगदीश गुप्ता पुत्र होरीलाल निवासी शिव मंदिर शेरगढ़ बहेड़ी जिला बरेली हाल निवासी केशवनगर कॉलोनी थाना सितारगंज, अकील अहमद पुत्र मुन्ने निवासी इस्लामनगर खटीमा तथा दीपक रस्तोगी उर्फ लड्डू पुत्र दीपु रस्तोगी निवासी मोहल्ला शाहजहांपुर थाना शाहजहांपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 389 ग्राम सोने के आभूषण, तीन किलो 417 ग्राम चांदी के आभूषण, तीन लाख 485 रुपये की नगदी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, घटना में (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'मासूमों' को भी नहीं 'बक्श' रहे 'देवभूमि के दानव'

### उत्तराखंड में बाल अपराध की संख्या में बीस फीसदी का उछाल, नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट ने बाल सुरक्षा तंत्र पर लगाए सवालिया निशान

-अर्श-

देहरादून। देवभूमि के तौर पर प्रतिष्ठित उत्तराखंड में ऐसे दानवों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो अपनी आपराधिक मनोवृत्ति के चलते मासूम बच्चों का शिकार करने से भी गुरेज नहीं करते ।यह देवभूमि में लगातार बढ़ रही दानवों की संख्या का ही नतीजा है कि राज्य की शांत वादियों में मासूमों पर ढाए जाने वाले जुल्म में लगातार इजाफा हो रहा है । नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के आंकड़ों की मानें ,तो बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में साल 2023-24 के मुकाबले साल 2024-25 में बीस फीसदी का उछाल आया है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के उपरोक्त आंकड़ों ने प्रदेश के बाल सुरक्षा तंत्र को एक तरह से कटघरे में खड़ा कर दिया है। दरअसल, एनसीआरबी यानी नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, उत्तराखंड में साल 2022 में बच्चों के विरुद्ध अपराध के 1,706 मामले दर्ज हुए थे, जो कि साल 2023 में मामूली बढ़कर 1,710 तक पहुंचे, लेकिन सासाल 2024 में यह संख्या तेजी से बढ़ कर 2,068 हो गई।आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में उत्तराखंड में बच्चों के खिलाफ अपराध की दर 54।4 फीसदी रही, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में चिंताजनक मानी जा रही है। यह दर प्रति 1 लाख बच्चों की आबादी पर आधारित है। जो राज्य में बच्चों की सुरक्षा की वर्तमान स्थिति को



दर्शाती है। इसके साथ ही उपरोक्त अवधि में बच्चों के विरुद्ध किए गए आपराधिक कृत्य के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने की दर भी 56।1 फीसदी दर्ज की गई है। उपरोक्त आंकड़े बताते हैं कि साल 2024 में बच्चों के अपहरण की घटनाओं में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2024 में उत्तराखंड में भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) के तहत 217, जबकि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) के तहत 270 मुकदमे दर्ज किए गए। इनमें 217 मामले ऐसे हैं, जिन्हें मिसिंग चिल्ड्रन डीम्ड एज किडनैप यानी गुमशुदा बच्चों को अपहरण मानते हुए दर्ज किया गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में प्रमुख रूप से यौन शोषण, अपहरण, बाल श्रम और उत्पीड़न के मामले शामिल हैं। हालांकि पुलिस ऐसे मामलों में कार्रवाई तो कर रही है, लेकिन केवल चार्जशीट दाखिल करना पर्याप्त नहीं है। बल्कि, मामलों मे जल्द न्याय करना भी उतना ही जरूरी है।देखा जाए तो बच्चों की सुरक्षा केवल , सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि, परिवारों और समाज को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। स्कूलों में काउंसलिंग, साइबर जागरूकता अभियान और परिवारों में बेहतर संवाद के जरिए ही बच्चों को सुरक्षित माहौल दिया जा सकता है समाज में संयुक्त परिवारों का टूटना, बच्चों को पर्याप्त समय न मिलना, सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल और नैतिक शिक्षा में लगातार हो रही गिरावट भी बच्चों को असुरक्षित बना रही है। साथ ही प्रदेश में आजकल राजनीतिक और सामाजिक स्वार्थों के लिए भी छोटे बच्चों का इस्तेमाल किया जाने लगा है, जो बेहद चिंताजनक है। हाल ही में प्रदेश स्तर पर सुर्खियों में आए चंपावत गैंग रेप केस में निहित स्वार्थ के लिए नाबालिग का इस्तेमाल इसका ताजा उदाहरण है।

# महापौर ने किया सब्जी मण्डी पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास

## 50 लाख की लागत से होगा सब्जी मण्डी का कायाकल्प, व्यापारियों ने किया महापौर का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर । शहर की सबसे पुरानी सब्जी मण्डी अब जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नये स्वरूप में नजर आएगी। वर्षों से अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही सब्जी मण्डी के पुनर्निर्माण कार्य का शनिवार को महापौर विकास शर्मा ने विशाल जनसमूह और व्यापारियों की मौजूदगी में विधिवत शिलान्यास किया।







कार्यक्रम के दौरान सब्जी मण्डी के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने महापौर का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया।शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग और आशीर्वाद से रूद्रपुर की ऐतिहासिक और सबसे पुरानी सब्जी मण्डी का करीब 50 लाख रुपये की लागत से कायाकल्प होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि दशकों से यहां के व्यापारी और खरीददारी के लिए आने वाले लोग बदहाल व्यवस्थाओं के बीच काम करने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में हालत और भी खराब हो जाती थी। जलभराव, कीचड़ और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण व्यापारियों के साथ साथ ग्राहकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पुनर्निर्माण कार्य के तहत सब्जी मण्डी में आधुनिक शेड का निर्माण कराया जाएगा, जिससे गर्मी, बरसात और खराब मौसम में व्यापारियों और ग्राहकों को राहत मिलेगी। इसके अलावा प्रत्येक व्यापारी के लिए अलग अलग व्यवस्थित स्टॉल बनाए जाएंगे। हर स्टॉल में पानी की टंकी और बिजली कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।नई मण्डी में दोनों किनारों पर नालियां बनेंगी। और दोनों किनारों पर 16 फिट की सड़क होगी। मध्य में रोड से दो फिट उपर प्लेटफार्म बनेगा। जिसमें 6गुणा छह फिट की कार्ट बनाई जायेगी। कार्ड की मध्य से उंचाई आठ फिट रहेगी। पानी की सप्लाई के लिए बीच बीच में एक हजार लीटर के दो टैंक रखे जायेंगे। प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाईट की व्यवस्था की जायेगी। मण्डी के प्रवेश द्वार पर भव्य गेट बनाया जायेगा। साथ ही मण्डी परिसर में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था और आवागमन को भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं बल्कि रूद्रपुर के व्यापारिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।महापौर ने कहा कि नगर निगम रूद्रपुर को आधुनिक और स्मार्ट शहर बनाने के लिए लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग से रूद्रपुर में कई बड़ी विकास योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर के विकास के लिए मुख्यमंत्री द्वारा कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिन पर तेजी से कार्य शुरू हो चुका है। अटरिया मोड़ से इंदिरा कॉलोनी रोड तक मिनी बाईपास निर्माण, गंगापुर रोड और भूरारानी रोड का चौड़ीकरण, नगर निगम का बहुमंजिला हाईटेक भवन, गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण और शहर की यातायात एवं आधारभूत संरचना को मजबूत करने से जुड़े कई बड़े कार्य जल्द ही रूद्रपुर वासियों को समर्पित किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि नगर निगम आने वाले समय में शहर के बाजारों, पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को और अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाने की दिशा में भी कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर को उत्तराखंड के सबसे व्यवस्थित और विकसित शहरों में शामिल करना नगर निगम की प्राथमिकता है।इस अवसर पर मुख्य बाजार भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र अरोरा, वरिष्ठ नेता वेद ठुकराल, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी,वरिष्ठ नेता धर्म सिंह कोली, सुरेश कोली, नरेश सागर, पार्षद इंद्रजीत सिंह, पार्षद प्रमोद शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र राय, रेनू जुनेजा, ममता त्रिपाठी, किशन सुखीजा, शेर सिंह, बनवारी लाल,नंद लाल, पूरन लाल, धर्मेन्द्र कोली, राम प्रकाश, विश्वनाथ मौर्य, विनोद गुप्ता, बाबू कोली, तसव्वर, कमलेश गुप्ता, रोहताश, यादराम, राजा राम, गौतम कोली, भूरा, प्रेम शंकर समेत तमाम व्यापारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मातृ दिवस पर बच्चों ने माताओं के चरण धोकर लिया आशीर्वाद

## महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने ममता और संस्कारों को समर्पित कार्यक्रम किया आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की ओर से मातृ दिवस समारोह बड़े ही उत्साह, प्रेम एवं भावनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति का सम्मान करते हुए बच्चों ने अपनी माताओं के चरण धोकर उन्हें तिलक लगाया और पुष्प भेंट किए। इस दौरान बच्चों ने अपनी मां के प्रति प्रेम व्यक्त किया जिससे माहौल बेहद भावुक हो गया।समारोह में जब बच्चों ने अपनी मां के त्याग और संघर्षों के बारे में बताया तो उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। माताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और बच्चों को बेहतर संस्कार, उत्तम स्वास्थ्य एवं परिवार के महत्व के बारे में प्रेरित किया। समिति की अध्यक्ष डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने सभी अतिथियों एवं मातृशक्ति का तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने कहा कि आज जिन बच्चों की वजह से हम मां का सम्मान प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने और परिवार को आगे बढ़ाने में मां की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए महिलाओं को स्वयं सीखते हुए अपने परिवार को भी प्रगति के पथ पर ले जाना होगा। एक आदर्श परिवार की नींव रखने में मां की भूमिका सबसे बड़ी होती है और यदि परिवार मजबूत होगा तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि सभी मिलकर एक संस्कारी समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपनी शक्ति लगाएं।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने परिवार को संस्कार, स्वास्थ्य और जागरूकता के मार्ग पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। गीत संगीत और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी ने समारोह का आनंद लिया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष राधा सुभाष, दुर्गावती यादव, रूपा रानी, कविता रावत, लीलावती अधिकारी, रेनू सक्सेना, सीता सुनील चौरसिया, दुर्गा जोशी, विनीता लखेड़ा, पुष्पा नेगी, सुनीता सैनी, सुमन तिवारी, अनुमति देवी, अनीता देवी और रीता देवी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।







# नर नारायण सेवा आश्रम में ठुकराल को किया सम्मानित

रुद्रपुर। डिबडिबा स्थित श्री नर नारायण सेवा आश्रम में आयोजित 24 प्रहर अखंड महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जहां कीर्तन मंडलियों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम के आयोजकों ने राजकुमार ठुकराल का स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कीर्तन



मंडलियों द्वारा किए जा रहे संकीर्तन का आनंद लिया और श्रद्धापूर्वक मत्था टेका। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए ठुकराल ने कहा कि अखंड महानाम संकीर्तन जैसे आयोजन समाज में शांति, सद्भाव और भक्ति का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री नर नारायण सेवा आश्रम लंबे समय से आध्यात्मिक और सामाजिक चेतना जगाने का कार्य कर रहा है, जो सराहनीय है। संकीर्तन के दौरान भक्ति रस में डूबी मंडलियों ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आश्रम से जुड़े सेवादार, कीर्तन प्रेमी और क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# नानकमत्ता में महाराणा प्रताप की भव्य मूर्ति का अनावरण

## जनजाति समाज के प्रेरणादायक थे महाराणा प्रताप: गोपाल राणा

नानकमत्ता। महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर ग्राम नगला में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। ग्राम नगला में आयोजित समारोह में नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के संघर्ष, त्याग और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्श केवल जनजाति समाज ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को सदैव याद रखना चाहिए। विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि जनता के समर्थन और वोट की ताकत से उन्हें क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला है, जिसके चलते आज महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल थारू समाज के संरक्षक ही नहीं, बल्कि साहस और स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में घास की रोटी खाकर भी संघर्ष किया और कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। पूर्व विधायक नारायण पाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता से उनका वर्षों पुराना संबंध रहा है। उन्होंने बताया कि अपने विधायक कार्यकाल में भी उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराई थी और आज पुनः उसके अनावरण का अवसर मिलना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मधु राणा, कांग्रेस नेता अशोक राणा, हरिओम राणा, गुरनाम सिंह करनावल, जय सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, गौरव राणा, राम नरेश सिंह राणा, हरनाम राणा, मुल्ली सिंह राणा मौजूद रहे।







# मनमानी पर 12 और विद्यालयों को भेजा नोटिस

## जनपद में अब तक 101 स्कूलों पर गिर चुकी है गाज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के कड़े रुख के बाद जनपद में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने विभिन्न शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करते हुए 12 और निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही जनपद में अब नोटिस प्राप्त करने वाले स्कूलों की कुल संख्या 101 पहुंच गई है। ताजा नोटिस पाने वाले स्कूलों में हल्द्वानी के प्रमुख शिक्षण संस्थान शामिल हैं। इनमें सेंट लॉरेंस स्कूल देवलचौड़, दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल, केवीएम पब्लिक स्कूल हीरानगर, माउंट लीटेरा जी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल रामपुर रोड, ओरम द ग्लोबल स्कूल, जस गोविन स्कूल, डीएवी स्कूल, नैनी वैली स्कूल, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल और टीआरवी स्कूल बरेली रोड शामिल हैं। इससे पूर्व हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भवाली एवं भीमताल क्षेत्र के 89 स्कूलों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके हैं।जांच में सामने आया है कि कई स्कूल एनसीईआरटी पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें अनिवार्य कर अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। इसके अलावा विशिष्ट दुकानों से ही सामग्री खरीदने का दबाव बनाने और वेबसाइट पर अनिवार्य सूचनाएं सार्वजनिक न करने जैसी अनियमितताएं पाई गई हैं। यह कार्यवाही शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत की जा रही है।मुख्य शिक्षा अधिकारी ने संबंधित स्कूलों को सख्त निर्देश दिए हैं कि 15 दिन के भीतर संशोधित पुस्तक सूची जारी कर एनसीईआरटी को प्राथमिकता दें और विक्रेताओं की बाध्यता तत्काल समाप्त करें। साथ ही वेबसाइट पर शुल्क संरचना सार्वजनिक करने और अनावश्यक वसूली गई राशि को आगामी महीनों की फीस में समायोजित करने को कहा गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित विकासखंड स्तरीय संयुक्त जांच समिति 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। आदेश का अनुपालन न करने वाले स्कूलों की मान्यता निलंबित या निरस्त करने के साथ ही दंडात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

'जय माता दी' 'जय बाबा
श्री गोस्वामी आश्रम के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में
श्री बालाजी दरबार
स्थान:- श्री गोस्वामी आश्रम, सूरजपुर नं० 1 गदरपुर
दिनांक: 13 मई 2026 समय: रात्रि 8:30 बजे से
निवेदक:-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर
एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार, संपर्क सूत्र 8439733314,8272020006,9897545454

# बेड के अंदर छिपाकर रखी कच्ची शराब बरामद

## पकड़ी गई महिला बोली- "अमृत है मेरी शराब, इससे आज तक कोई नहीं मरा

रुद्रपुर। रंपुरा क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर में छापा मारकर बेड के अंदर छिपाकर रखे गए कच्ची शराब के सैकड़ों पाउच बरामद किए। कार्रवाई के दौरान एक महिला को हिरासत में लिया गया। छापेमारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार काली मंदिर के पास स्थित एक मकान में लंबे समय से अवैध रूप से कच्ची शराब बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। शनिवार दोपहर स्थानीय लोगों के विरोध के बाद आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घर में छापा मारा।तलाशी के दौरान कमरे में रखे बेड के अंदर से कच्ची शराब के सैकड़ों पाउच बरामद हुए। टीम ने मौके से शराब जब्त कर संबंधित महिला को हिरासत में ले लिया।कार्रवाई के दौरान महिला का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह बेखौफ अंदाज में कहती सुनाई दे रही है, "अमृत है मेरी शराब, इससे आज तक कोई नहीं मरा।"



महिला का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र बिष्ट ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग की कार्रवाई का स्वागत करते हुए क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर लगातार सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# यूरिया की कालाबाजारी रोकने को प्लाईवुड फैक्ट्रियों में छापेमारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर जनपद में यूरिया की कालाबाजारी और औद्योगिक इकाइयों में इसके अवैध इस्तेमाल को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार



कर लिया है। इसी क्रम में मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश कुमार सिंह यादव ने सिडकुल महाप्रबंधक एवं उपजिलाधिकारी रुद्रपुर मनीष सिंह बिष्ट के साथ सिडकुल स्थित विभिन्न प्लाईवुड फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फैक्ट्रियों के भंडार का गहन सत्यापन किया। इस दौरान औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रयोग की जा रही टेक्निकल ग्रेड यूरिया के क्रय बिलों और स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया गया। मुख्य कृषि अधिकारी ने प्लाईवुड फैक्ट्रियों के प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि कृषि कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही यूरिया का उपयोग किसी भी स्थिति में औद्योगिक इकाई में नहीं होना चाहिए। यदि कोई इकाई ऐसा करते पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।डॉ. विकेश कुमार सिंह यादव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा किसानों को कृषि उपज बढ़ाने के लिए नीम कोटेड यूरिया अनुदान पर उपलब्ध कराई जाती है, जिसके 45 किलोग्राम के एक बैग का विक्रय मूल्य 266.50 रुपये है। इसके विपरीत औद्योगिक इकाइयों में प्रयोग होने वाली गैर अनुदानित टेक्निकल ग्रेड यूरिया के 50 किलोग्राम बैग का बाजार मूल्य लगभग 3500 रुपये है। भारी मूल्य अंतर के कारण कालाबाजारी की संभावना बनी रहती है।मुख्य कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि यदि वे कहीं भी अनुदानित यूरिया का किसी औद्योगिक इकाई में अवैध प्रयोग होते देखते हैं, तो तत्काल इसकी सूचना कृषि विभाग या स्थानीय पुलिस को दें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सूचना मिलते ही संबंधित दोषियों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए चला विशेष रक्तदान अभियान

रुद्रपुर। विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए विशेष रक्तदान अभियान आयोजित किया गया। पुराना जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में युवाओं, समाजसेवियों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। संस्था की पहल पर जरूरतमंद थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डमकपबपजल ठसवववक ब्मदजतम में भी रक्तदान कराया गया। अभियान का उद्देश्य ऐसे बच्चों के लिए रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना था, जिन्हें जीवित रहने के लिए नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। संस्था के अध्यक्ष रामवीर यादव और अलका अरोड़ा ने कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किसी जीवनदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक



स्वस्थ व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करे तो किसी भी जरूरतमंद बच्चे को रक्त के अभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी युवाओं, समाजसेवियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट भविष्य में भी मानव सेवा से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर आयोजित करता रहेगा। विश्व थैलेसीमिया दिवस पर आयोजित इस अभियान ने समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान एक महादान है और इससे अनेक जिंदगियों को नई उम्मीद दी जा सकती है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर मनाई खुशियां

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय और शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर रुद्रपुर में भारी उत्साह देखा गया। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में विधायक शिव अरोड़ा ने मुखर्जी नगर में बंगाली समाज के लोगों और महिलाओं के साथ एक दूसरे को झालमुड़ी खिलाकर



प्रसन्नता व्यक्त की।विधायक शिव अरोड़ा ने स्वयं अपने हाथों से क्षेत्र की महिलाओं और बुजुर्गों को झालमुड़ी खिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस की अराजकता और गुंडों के शासन से त्रस्त हो चुकी थी। वहां सरेआम लोगों की हत्याएं की जा रही थीं और भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा था, जिससे सामान्य नागरिक का जीवन कठिन हो गया था। उन्होंने कहा कि जनता ने ममता सरकार की तानाशाही के खिलाफ अपना आक्रोश प्रचंड जनादेश के रूप में दिखाया है।विधायक ने आगे कहा कि देश की जनता का अटूट विश्वास नरेंद्र मोदी के साथ है, यही कारण है कि देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि उत्तराखंड में भी आगामी समय में पुन: तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। इस विजय उत्सव के दौरान मुखर्जी नगर पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा महामंत्री राधेश शर्मा, हरीश गाईन, पार्षद कुसुम शर्मा, खोखन साना, बलाई विश्वास, श्यामल रंग, निरपद सरदार, परितोष मंडल, रवि सरकार, प्रसद मंडल, चंदन प्रजापति और जयराम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बंगाली समाज का आरक्षण के लिए अनिश्चितकालीन धरना शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बंगाली समाज ने आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आरक्षण हमारा अधिकार के बैनर तले समाजसेवी सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में समाज के लोगों ने हुंकार भरी है। वर्षों से चली आ रही उपेक्षा के खिलाफ अब बंगाली समुदाय ने सड़क पर उतरकर आर पार की लड़ाई का मन बना लिया है।टैगोर जयंती पर आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ समाजसेवियों ने एकमत होकर धरना चलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बंगाली समाज लंबे समय से सरकार और प्रशासन को ज्ञापन सौंप रहा है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब आंदोलन के जरिए ही हक हासिल किया जाएगा। धरने की शुरुआत आंशिक रूप से की गई है, जिसमें सुब्रत कुमार विश्वास और अभिमन्यु साना प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक डटे रहेंगे। आने वाले दिनों में रुद्रपुर, दिनेशपुर, शक्ति फार्म और आसपास के क्षेत्रों से



लोगों के जुड़ने के साथ ही इसे 24 घंटे के धरने में तब्दील किया जाएगा। समाज ने स्पष्ट किया है कि यदि एक देश एक कानून नीति के तहत संवैधानिक आरक्षण नहीं मिला, तो यह आंदोलन आमरण अनशन का रूप ले लेगा। गोष्ठी में वक्ताओं ने युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। डॉक्टर शुभ्रो चक्रवर्ती ने कहा कि नई क्रांति का समय आ गया है और युवाओं को सुब्रत विश्वास का सहयोग करना चाहिए। वरिष्ठ बंगाली नेता समीर राय और बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने भी समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। आम आदमी पार्टी के सचिव दीपक विश्वास ने भी आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर सुब्रत कुमार विश्वास, अभिमन्यु साना, समीर राय, नारायण महाजन, विद्युत सिकदर, संजय आइस, संजय सरकार, शुभ्रो चक्रवर्ती, गौरव सरकार, सत्यजीत सरकार, गोपी सरकार, गौरांग सरकार, शंकर चक्रवर्ती, धीरज विश्वास, विष्णु मंडल, रंजीत, अर्जुन विश्वास, दीपक विश्वास, गुलाबचंद गुप्ता, शंकर सरकार पाठक, राहुल कुमार, हैप्पी रंधावा और आदिल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। समाज ने संकल्प लिया है कि जब तक आरक्षण की मांग पूरी नहीं होती, यह संघर्ष अंतिम सांस तक जारी रहेगा।

# भिंगराड़ा मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए 29.70 लाख की स्वीकृति

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थल भिंगराड़ा मंदिर सील के सौंदर्यकरण कार्यों के लिए अवशेष 29.70 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।उल्लेखनीय है कि भिंगराड़ा मंदिर सील के सौंदर्यकरण योजना के लिए कुल 74.25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। इसके सापेक्ष मुख्यमंत्री ने अब अवशेष 29.70 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन दे दिया है। इस धनराशि से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का विकास, आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।भिंगराड़ा मंदिर अपनी धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विशेष पहचान रखता है। इस सौंदर्यकरण कार्य से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को लाभ होगा, बल्कि पर्यटन गतिविधियों में भी इजाफा होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सीमांत एवं पर्वतीय क्षेत्रों के धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इस योजना के धरातल पर उतरने से स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होने की संभावना है।


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
MITSUBISHI ELECTRIC
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
MI
SANSUI
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
गुरु माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Festival Offer
HOME APPLIANCES
पर पाए ऐसे ऑफर्स,
खरीदे बिना रहा ना जाए
गुरु माँ
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


भारत सरकार
सोमनाथ
उत्तराखण्ड
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।
75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन | 8 से 11 मई, 2026
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
"भारत सरकार द्वारा 8 से 11 मई तक आयोजित किए जा रहे "सोमनाथ अमृत महोत्सव" के वर्षभर चलने वाले उत्सव केवल एक तीर्थ एवं सांस्कृतिक धरोहर की यात्रा का स्मरण नहीं हैं, बल्कि यह भारत की उस सनातन चेतना का उत्सव है, जिसने हजारों वर्षों के संघर्षों, आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद स्वयं को जीवित रखा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत जिस "विकास भी, विरासत भी" के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उसने देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की एक नई चेतना का संचार किया है। यह केवल हमारी आस्था, संस्कृति और विरासत के पुनरोत्थान का अभियान नहीं है, बल्कि भारत की आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित करने का राष्ट्रीय संकल्प है।"
पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अपराध के बढ़ते मामले

देश की राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में कानून–व्यवस्था अन्य जगहों के मुकाबले ज्यादा चाक–चौबंद होगी और यहां अपराध को ज्यादा सक्षम तरीके से काबू में किया जाएगा। मगर समय–समय पर आने वाले अपराध के आंकड़ों में यही विडंबना सामने आती है कि दिल्ली में अपराधियों का दुस्साहस उफान पर है और उन पर पूरी तरह लगाम लगा पाना पुलिस–प्रशासन के लिए संभव नहीं हो सका है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दर्ज हुए आपराधिक मामलों के संदर्भ में देश के अन्य महानगरों की तुलना में दिल्ली की दशा ज्यादा खराब है। सवाल है कि हर स्तर पर कानून–व्यवस्था के पुख्ता होने के दावों के बावजूद स्थिति ऐसी क्यों है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की 'भारत में अपराध 2024' रिपोर्ट में यह उजागर हुआ है कि देश के उन्नीस महानगरों की तुलना में दिल्ली में सबसे ज्यादा संज्ञेय अपराधों के मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि पिछले दो वर्ष में अपराधों में गिरावट देखी गई है, इसके बावजूद एनसीआरबी के आंकड़े यही बताते हैं कि अपराध और अपराधियों पर काबू पाने में यहां की पुलिस को अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, देश के उन्नीस महानगरों में कुल पांच लाख तिरानबे हजार छियानबे मामले दर्ज हुए, जिनमें अकेले दिल्ली की भागीदारी छियालीस फीसद से ज्यादा रही। कहा जा सकता है कि देश के कुल महानगरों में जितने अपराध होते हैं, उनमें से हर दूसरा दिल्ली में दर्ज हुआ। हालांकि एनसीआरबी की मानें तो एक पहलू यह है कि जिन राज्यों में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराने की सुविधा है, वहां लोग जघन्य से लेकर छोटे–बड़े सभी अपराधों की शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं। जिन राज्यों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां अपराध के आंकड़े तुलनात्मक रूप से कम दर्ज हो सकते हैं। यानी यह स्वीकार किया जा रहा है कि देश के कई हिस्सों में आज भी सुविधा न होने या फिर प्रक्रिया की जटिलता की वजह से बहुत सारे लोग पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर पाते। 2024 में कुल 58.86 लाख संज्ञेय अपराध दर्ज किए गए।साइबर अपराध: 1,01,928 से अधिक साइबर अपराध के मामले दर्ज हुए, जिसमें 72.6% मामले धोखाधड़ी (तिंनक) से संबंधित थे।महिलाओं के खिलाफ अपराध: 1.5% की मामूली कमी दर्ज की गई, लेकिन संख्या अभी भी चिंताजनक है।वरिष्ठ नागरिक: वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराध में 16.9% की वृद्धि हुई।शहरों में: दिल्ली 19 महानगरों में अपराध के मामले में पहले स्थान पर बनी हुई है, इसके बाद मुंबई का नंबर है ।उत्तर प्रदेश: यूपी का अपराध दर (180.2) राष्ट्रीय औसत (252.3) से काफी कम रहा।आत्महत्या: 2024 में 1,70,746 आत्महत्याएं दर्ज की गईं।

# मां तुम महान हो...

संसार में हर जगह परमात्मां मौजूद नहीं रह सकता इसलिए उसने मां को बनाया मां शब्द खुद में व्यापक, पवित्र,परिपूर्ण व महान लगता है,उसकी कोई भी उपमा देना असंभव है मां शब्द ,शब्दो से परे है बल्कि इसे केवल अहसासों से ही समझा जा सकता है मां केवल एक शब्द नहीं बल्कि पूरे जीवन की सबसे बड़ी भावना है जो एक बच्चे के पूरे व्यक्तित्व का निर्माण करती है एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता वह उस पर सब कुछ न्यौछावर करने की सामर्थ्य रखती है एक मां का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा व अटूट होता है कि वह



अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ जाती हैं वह उसकी पहली मित्र व गुरु होती है वह जीवन में हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है वह गलती के लिए डांटने के साथ–साथ क्षमाशील भी होती है वह बच्चे में अच्छे संस्कार पोषित कर समाज में बच्चे के भविष्य की नींव रखती है जीवन में कठिनाइयो से लड़ना सीखाती है।उसकी गोद में सिर रखते ही संसार का हर दर्द जैसे खो जाता है मां वो दुआ है जोघ हर समय बच्चों के साथ साथ चलती है मां का स्वरूप केवल जन्म देने तक ही सीमित नहीं जो स्त्री हमारे जीवन में स्नेह, सुरक्षा और मार्गदर्शन का दीप जलाती है वह मां के समान ही आदर की अधिकारी है दादी,नानी,मौसी,बुआ मामी ,ताई मां का हर रूप स्नेह व सुरक्षा की छाया ही तो है जो जीवन को अलग–अलग मोड़ों पर थामकर खुशी,प्रेम और शक्ति व सीख से भर देते हैं यह केवल रिश्ते भर ही नहीं बल्कि मां की ममता की ही विस्तृत रूप व छाया ही है जिनका एक स्नेहिल स्पर्श एक आत्मीय संवाद या उनके साथ बिताया गया थोड़ा सा समय ही उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा उपहार व उपलब्धि बन जाता है ता उम्र भीनी भीनी खुशबू सा याद रहता है इन सभी में ममता ,स्नेह और अपनत्व का सुरक्षा कवच ही हैं मदर्स–डे पर ही नहीं बल्कि हमेशा ही मां के प्यार,समर्पण, त्याग को सम्मान देकर उनकी आज्ञापालन कर उन्हें खुशियां देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए तभी मदर्स डे मनाने की सार्थकता है ।

**प्रस्तुति –नरेश छाबड़ा , रूद्रपुर**

# मां का निस्वार्थ रिश्ता

सभी का जन्म होते ही सबसे पहले माँ से एक अटूट रिश्ता बन जाता है। संसार में हम कई रिश्तों से बंधते हैं, परंतु अधिकांश रिश्तों में कहीं न कहीं स्वार्थ भाव जुड़ा रहता है। माँ का रिश्ता ही ऐसा होता है, जो पूर्णत: निस्वार्थ होता है। मेरी भगवान से यही प्रार्थना है कि अगले जन्म में यदि मुझे पुन: मनुष्य जन्म मिले, तो मुझे (उषा अग्रवाल) जैसी माँ ही प्राप्त हों।



आज मैं जो कुछ भी हूँ, अपनी माँ की वजह से हूँ। शायद मेरी माँ जैसी माँ हर किसी को नहीं मिलती। उन्होंने मुझे हारमोनियम इसलिए सिखाया ताकि मैं ससुराल में जाकर रामायण, भजन और आरती हारमोनियम पर गाकर सबको सुना सकूँ। मैं स्कूल और कॉलेज के हर कार्यक्रम में भाग लेती थी। चाहे वह नृत्य–कला हो, भाषण, लेखन, स्काउट–गाइड या कोई अन्य कार्यक्रम–यह सब मेरी माँ की प्रेरणा से ही संभव हुआ। ग्रुप डांस में सबसे पहले मेरी ड्रेस मेरी मम्मी ही तैयार करती थीं, और उन्हें देखकर ही बाकी सबकी ड्रेस बनती थी। उन्होंने मुझे सिखाया कि जीवन में चाहे कितनी भी परेशानी क्यों न आ जाए, कभी गलत रास्ता मत चुनना। हमेशा भगवान का स्मरण करते रहना, किनारा अपने आप मिल जाएगा। ऐसी माँ को शत–शत नमन। मैं स्वयं को बहुत भाग्यशाली मानती हूँ कि मुझे इतनी संस्कारी और हर विधा में कुशल माँ मिलीं।

**– शालिनी गोयल, महामंत्री, अग्रवाल महिला समिति**

# भाईचारे और विकास की राजनीति ही कांग्रेस की पहचान: बेहड़

## ग्राम छिनकी में नाबार्ड योजना से निर्मित सड़क का किया उद्घाटन

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत ग्राम छिनकी से नोगवा एवं ग्राम मलपुरा तक जाने वाली नवनिर्मित सड़क का विधायक तिलक राज बेहड़ ने नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 2300 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य 2 करोड़ 64 लाख 31 हजार रुपये की लागत से पूर्ण कराया गया है। सड़क उद्घाटन के उपरांत आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि आज प्रदेश और देश में भाईचारे को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ता प्राप्ति के लिए भाई को भाई से और इंसान को इंसान से लड़ाने की राजनीति की जा रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है और कांग्रेस ने हमेशा देश को एकता और भाईचारे का संदेश दिया है।विधायक ने कहा कि राजनीति में सरकारें आती जाती रहती हैं, लेकिन जनता हमेशा विकास कार्यों को ही याद रखती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए विकास कार्य कराए गए हैं। चाहे मंदिर हों, गुरुद्वारे, कब्रिस्तान या अन्य धार्मिक



स्थल, सभी जगह कार्य हुए हैं और गांव गांव तक सड़कों का जाल बिछाया गया है। पिछड़े और अनुसूचित जाति क्षेत्रों में भी पहली बार बड़े स्तर पर विकास कार्य पहुंचाए गए हैं।तिलक राज बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा ग्राम छिनकी में सड़कों का निर्माण कराया गया है और पूरी विधानसभा में विकास कार्य जारी हैं। आगामी सत्र में भी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिला योजना के तहत ग्राम छिनकी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए 12 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रम फैलाने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता सब समझ रही है और विकास ही सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक का ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन सिंधी, जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालड़ा, ग्राम प्रधान पति हरीश खनवानी, क्षेत्र पंचायत सदस्य पति यासीन, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, विजय यादव, कपिल मलिक, दलजीत खुराना, मेजर सिंह, राजेश प्रताप सिंह, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष किच्छा दर्शन कोली, तौकीर अहमद, अजीम खान, आसिफ मलिक, जोगा सिंह, गौरव गिरी, महेश कुमार, मुख्तियार अहमद, नासिर खान, जमील अहमद, विक्की गोराया, हरविंदर सिंह मोंटी, शरीफ अहमद, सरबजीत सिंह, याकूब अहमद, शान मलिक, एन यू खान, शुभम सुखीजा, गुरचरण सिंह, हरभजन सिंह, सादिक भाई, करीम बक्स, अजीम, अमित मौर्य, गुरमेल सिंह और अफसर अली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया एसडीएच सितारगंज का औचक निरीक्षण

सितारगंज। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के साथ उप जिला अस्पताल सितारगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार और सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा दिलाया कि अगले 15 दिनों के भीतर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों पर तैनाती कर दी जाएगी। वहीं, हाल ही में उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म के नए भवन निर्माण के लिए भी जल्द धनराशि स्वीकृत की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की



सराहना करते हुए कहा कि प्रदेशभर में लगातार अस्पतालों का निरीक्षण किया जा रहा है और अब तक सितारगंज उप जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं सबसे बेहतर मिली हैं। उन्होंने इसके लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की पहल और स्थानीय स्वास्थ्य टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।वहीं, पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट समेत अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। साथ ही, शक्तिफार्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती भी शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंत्री सौरभ बहुगुणा की ओर से जरूरी उपकरणों और रिक्त पदों का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिस पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आवासीय कॉलोनी में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या भी उठाई। इस पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि नगरपालिका और लोक निर्माण विभाग द्वारा खटीमा रोड, बिजटी रोड समेत विभिन्न मार्गों में जल निकासी के लिए नालों के निर्माण की योजना तैयार कर ली गई है। योजना को शहरी विकास विभाग से स्वीकृति मिलने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उप जिला अस्पताल में उच्चीकरण के बाद बढ़े स्टाफ के अनुरूप नए आवासीय भवनों की मांग भी रखी। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, नगर पंचायत अध्यक्ष शक्तिगढ़ सुमित मंडल, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल और अधीक्षक डॉ. कुलदीप यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इधर, देर शाम स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने शक्तिफार्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जर्जर भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान संजय बाछाड़, केपी मंडल, मुकेश रावत, मयंक अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, सुनीता सरकार और विक्रम भंडारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# कोतवाल और चौकी प्रभारी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौंसला

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। देवभूमि बैकुंठपुर में आयोजित बैकुंठपुर प्रीमियर लीग रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट प्रेमियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। देर रात तक चले मुकाबलों में चौकों छक्कों की बरसात



के बीच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि सितारगंज कोतवाल सुंदरम शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कोतवाल सुंदरम शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और उन्हें नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और बौद्धिक विकास का सबसे मजबूत माध्यम है। विशिष्ट अतिथि शक्तिफार्म चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं, इसलिए युवाओं को खेल गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। मैदान पर हुए मुकाबलों में पहला मैच बिछुवा और गोविंद नगर के मध्य खेला गया। बिछुवा ने निर्धारित 8 ओवर में 113 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में गोविंद नगर की टीम 78 रन पर सिमट गई। चंद्र नेगी को 20 गेंदों में 40 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला कल्याणपुर और राजनगर के बीच हुआ। कल्याणपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए, जबकि राजनगर 83 रन ही बना सकी। कल्याणपुर के ऑलराउंडर युवराज सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 13 रन देकर 6 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने। तीसरे मुकाबले में बैकुंठपुर ने 79 रन बनाए, जबकि रॉयल इलेवन की टीम 60 रन पर ढेर हो गई। समीर राय को उनकी ताबड़तोड़ पारी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। आयोजक समिति के संरक्षक राम चंद्र राय एवं सदस्यों ने कोतवाल सुंदरम शर्मा और चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में स्कोरर के रूप में सुप्रीतम राय, तारक, विक्रम मंडल और उदय मंडल रहे, जबकि अंपायरिंग जगदीश एवं मनजीत ने की। मंच संचालन राम चंद्र राय द्वारा किया गया। इस दौरान अजय जायसवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवींद्र अग्रवाल, राम गोपाल, अनिमेष सरकार, आनंद राय, त्रिनाथ मंडल, प्रशांत मजूमदार, अशोक मजूमदार, नरेश मजूमदार और कृष्णपद मंडल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

माँ कोई शब्द नहीं,
ईश्वर का मधुर आशीर्वाद है,
उसके चरणों में बसता
जीवन का सारा प्रसाद है।
उसकी ममता गंगा जैसी,
निर्मल, पावन, निश्छल धारा,
जिसके आँचल की छाया में
महक उठता जीवन सारा।
वह स्वयं धूप सह लेती है,
पर छाया संतानों को देती है,
अपने अधरों की मुस्कानें
बच्चों के सपनों पर वार देती है।
उसकी आँखों में चिंता भी है,
और दुआओं का अनंत प्रकाश,
माँ ही तो वह शक्ति है
जिससे रोशन हर एक साँस।
वह प्रथम गुरु, प्रथम प्रार्थना,
वह जीवन का आधार है,
उसके बिना हर सुख अधूरा,
हर उत्सव निराधार है।



मातृ दिवस पर करें नमन
उस ममता की मूर्ति को,
जिसके प्रेम ने सदा सँवारा
जीवन की हर परिस्थिति को।
माँ का ऋण शब्दों से नहीं,
केवल श्रद्धा से चुकाया जाता है,
क्योंकि माँ के चरणों में ही
संपूर्ण संसार समाया जाता है।
समस्त मातृशक्ति को

**सादर प्रणाम एवं मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**–सुषमा अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, अग्रवाल महासभा, रुद्रपुर।**

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर



माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा एवं स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन संघर्ष में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत मिसाल है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज सेवा और देश निर्माण में योगदान देना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रनायकों के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करती रही है और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों का जीवन समाज को सदैव प्रेरित करता रहेगा।भाजपा मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। उनका संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप अमर रहें के जयघोष लगाए तथा उनके आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, संदीप अरोड़ा, महेंद्र पाल, कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर, मुकेश कोली, आरती दुबे, संजीव खन्ना, विनोद कोली, नितिन फुटेला, मोहम्मद इमरान, रामौतार अग्रवाल, देवेंद्र शर्मा, सतीश गुप्ता, विशाल गुप्ता, केतन कालरा, मोनू मान, जितेंद्र गुप्ता, गोपाल कोरी, भगवानदास, राकेश समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका कांग्रेस का पुतला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। चम्पावत प्रकरण में उत्तराखंड सरकार को बदनाम करने की कथित साजिश और झूठे आरोपों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का भारी आक्रोश देखने को मिला। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने एक नाबालिग बच्ची का सहारा लेकर भाजपा सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया और अपनी निम्न मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने जिस तरह इस प्रकरण का खुलासा किया, उससे स्पष्ट हो गया है कि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं थी। कांग्रेस के झूठ और षड्यंत्र की राजनीति एक बार फिर प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देवभूमि के माहौल को खराब करने और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि धूमिल करने का कार्य कर रही है, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। महिला मोर्चा ने इस पूरे मामले में विस्तृत जांच की मांग की है ताकि पर्दे के पीछे के चेहरे सामने आ सकें।विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि राजनीति में कांग्रेस इतने निचले स्तर तक गिर जाएगी, ऐसी कल्पना जनता ने नहीं की थी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लोकप्रियता से घबराकर उनके विधानसभा क्षेत्र में झूठा षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की जांच में सब स्पष्ट हो चुका है। विधायक ने सरकार से मांग की कि इस प्रकरण की गहराई से जांच हो, क्योंकि आशंका है कि इसमें कांग्रेस के कई बड़े चेहरे शामिल हो सकते हैं।इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, मीना शर्मा, जिला महामंत्री प्रीति धीर, जिला महामंत्री प्रेमलता चौहान, जिला उपाध्यक्ष स्वाति शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गीता भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष रजनी रावत, आशा मुंजाल, ज्योति, नमिता, पूनम गुप्ता, रेनू जुनेजा, वैशाली, जिलाध्यक्ष बिपिन गहलोत और नवजोत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विजडम पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना मातृ दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की जूनियर शाखा में शनिवार को मातृ दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की सचिव सुधा पटवाल, धृति फाउंडेशन की अध्यक्षा एवं मुख्य अतिथि लीना काण्डपाल, प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता मढवाल और मुख्य अध्यापिका उषा मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन कर किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने मातृ शक्ति के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और ममता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ केवल परिवार का हृदय ही नहीं होती, बल्कि प्रत्येक बच्चे की पहली गुरु और सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मुख्य अतिथि लीना काण्डपाल ने माताओं को संबोधित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि लीना काण्डपाल पिछले दो दशकों से लाइफ स्किल्स कोच एवं



काउंसलर के रूप में महिलाओं और किशोरियों को मानसिक व भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। उनके धृति फाउंडेशन द्वारा बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की गई।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता मढ़वाल ने सभी आगंतुक महिलाओं का स्वागत करते हुए मातृ दिवस की महत्ता पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि हर सफल बच्चे के पीछे माँ के त्याग, आशीर्वाद और साहस का बड़ा योगदान होता है, जो जीवन में सफलता की मजबूत नींव तैयार करता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपनी माँ का सदैव सम्मान करें और उनके निर्देशों का पालन करें।अंत में विद्यालय की सचिव सुधा पटवाल ने अपने संदेश में कहा कि माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि पूरे जीवन का सार है। माँ ही हमें चलना सिखाती है और जीवन की मंजिल दिखाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए उपहार भेंट किए और विशेष संदेश साझा किए। इस भावनात्मक और प्रेरक आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की माताएं एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# ठुकराल ने देवी भागवत महापुराण की कथा में लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर । ब्रह्मलीन गुरु मां कुमारी रूपा देवी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित श्री देवी भागवत महापुराण की कथा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने भक्तिभाव से कथा श्रवण किया और कथा वाचक पुष्पेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान राजकुमार ठुकराल ने गुरु मां रूपा देवी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि



गुरु मां रूपा देवी का जीवन अत्यंत सरल और जन कल्याण के प्रति समर्पित था। उन्होंने जीवन पर्यंत सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। ठुकराल ने पुण्य तिथि पर इस भव्य धार्मिक आयोजन के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज

नानकमत्ता। क्षेत्र के ग्राम कैथुलिया के पास बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली नानकमत्ता में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम विचुवा निवासी करन सिंह पुत्र सुरजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मई की शाम वह अपने दोस्त बब्बू सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह के साथ मोटरसाइकिल से नानकमत्ता बाजार से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि कैथुलिया गांव के पास पहुंचने पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ युवकों ने उनकी बाइक रोक ली।पीड़ित के अनुसार अमन सिंह, प्रिंस सिंह, सिमरन सिंह निवासी ग्राम सिद्धा नवदिया तथा सुखचौन सिंह व हरविंदर सिंह उर्फ भूरी निवासी ग्राम मटिहा ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि अमन सिंह ने लोहे की रॉड से बब्बू सिंह के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। वहीं सिमरन सिंह ने करन सिंह की आंख के ऊपर लोहे के पंच से वार किया, जिससे वह भी घायल हो गया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपियों ने दोनों युवकों के साथ लात-घूंसों से भी मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने जान-माल का खतरा बताते शरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजयुमो के जिला प्रभारी व जिला सहप्रभारी के नामों की घोषणा

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संस्तुति और भाजयुमो मोर्चा प्रभारी आदित्य चौहान के परामर्श के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैनदोली ने उत्तराखंड भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रभारी और जिला सह प्रभारी के नामों की घोषणा कर दी है। उन्होंने उधम सिंह नगर के जिला प्रभारी रोहित ओझा और जिला सह प्रभारी अक्षय शाह,काशीपुर के दीपांशु विद्यार्थी शर्मा और नीलकंठ राणा, नैनीताल के सतीश भट्ट और शौर्य चौहान, चंपावत के शुभम चंद्र और शशांक बिष्ट अल्मोड़ा के पूरन नगरकोटी, और दीपक उप्रेती ,रानीखेत के गौरव जोशी और दीपक कुमार, बागेश्वर के कार्तिक हरबोला और पावस जोशी, पिथौरागढ़ के गौरव पांडे और मयंक अग्रवाल, कोटद्वार के अजय उनियाल और नवीन गोसाई, पौड़ी के आर्यन देव और प्रदीप राणा, रुड़की के शुभम सेमलटी और अरविंद चौहान, हरिद्वार के उत्कर्ष गुप्ता और मनोज गौनियाल, ऋषिकेश के देवेंद्र बिष्ट और गोविंद पाल, देहरादून महानगर के गौरव कौशिक और संजय तोमर ,देहरादून ग्रामीण के विक्रम भुल्लर और मनीष सैनी ,टिहरी के गिरीश भट्ट और कल्याण चौहान, उत्तरकाशी से प्रगति रावत और हिमांशु भट्ट को जिला व जिला सह प्रभारी मनोनीत किया है। इसके अलावा चमोली से अमित मैखुरी और रुद्रप्रयाग से मयूर भट्ट को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## पेज एक का शेष...

**थलपति विजय ने ..**उपभोक्ताओं को हर महीने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की। इसके अलावा राज्य के प्रत्येक जिले में एंटी ड्रग यूनिट गठित करने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला सुरक्षा बल के गठन की फाइल पर भी हस्ताक्षर किए। उन्होंने नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विजय के साथ शपथ लेने वाले मंत्रियों में के ए सेंगोत्तैयन, आधव अर्जुन, सीटीआर निर्मल कुमार, बुस्सी आनंद, राजमोहन, केटी प्रभु, अरुणराज, पी वेंकटरमणन और एस कीर्तना शामिल हैं। एस कीर्तना को कैबिनेट का सबसे युवा चेहरा माना जा रहा है। विजय के मुख्यमंत्री बनने पर उनके पिता और फिल्म निर्देशक एस ए चंद्रशेखर ने खुशी जताते हुए कहा कि यह तमिल जनता की जीत है और उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विजय को मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं देते हुए तमिलनाडु के विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

**बंद घर से लाखों की चोरी...**प्रयुक्त आला नकब, काले रंग की एफजेड यामाहा मोटरसाइकिल, काला बैग, सफेद नीली चौकदार शर्ट और आसमानी सफेद चैकदार तौलिया बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए कुछ जेवर शाहजहांपुर क्षेत्र में सुनारों को बेच दिए गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी दीपक गुप्ता उर्फ जगदीश गुप्ता एक शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी, नकबजनी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। उसके खिलाफ टनकपुर, दिनेशपुर, गदरपुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, सितारगंज और खटीमा समेत विभिन्न थानों में अनेक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि जनपद में चोरी, लूट और संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। अपराध कर आमजन में भय का वातावरण पैदा करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद पुलिस आधुनिक तकनीक, मजबूत सूचना तंत्र और प्रभावी पुलिसिंग के माध्यम से अपराधियों को चिन्हित कर कानून के शिकंजे तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी ने खुलासे में शामिल पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी, उपनिरीक्षक जयप्रकाश, दीपक जोशी, पवन जोशी, उमेश कुमार, कांस्टेबल उमेश सिंह, ब्रजमोहन, प्रशांत नेगी, कमल चंद्र, यशपाल, भगवत परिहार, पंकज बिनवाल, भूपेंद्र और महिला कांस्टेबल रेखा आर्या शामिल रहीं।

**भाजपा राष्टीय अध्यक्ष ....**कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्राप्त मार्गदर्शन को संगठन और सरकार के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पार्टी की रीति नीति और जनसेवा के संकल्प को लेकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बैठक के दौरान उत्तराखण्ड भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने तथा आगामी रणनीतियों को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और उत्तराखण्ड भी उसी विजन को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहे। उन्होंने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे और प्रदेश में पार्टी की गतिविधियों की जानकारी राष्ट्रीय नेतृत्व को दी।

**इंग्लैंड भेजने के ...**लाख रुपये ट्रांसफर किए। साथ ही 8 नवंबर 2024 को दिल्ली में 7 लाख रुपये नकद भी दिए गए। मन्दीप के अनुसार आरोपियों ने उसे दिल्ली और हैदराबाद एयरपोर्ट से इंग्लैंड भेजने की कोशिश की, लेकिन वीजा सही न होने की बात कहकर उसे वापस भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खाद के साथ दूसरे उत्पाद जबरन थमाने का आरोप, किसानों में रोष

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में यूरिया खाद वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों को यूरिया खाद के साथ अन्य उत्पाद भी जबरदस्ती थमाए जा रहे हैं, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान केवल जरूरत के



अनुसार यूरिया खाद लेने जाते हैं, लेकिन दुकानदारों द्वारा दूसरे उत्पाद खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे छोटे और सीमांत किसानों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सलविंदर सिंह कलसी ने बायोमेट्रिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन किसानों के पास केवल दो एकड़ जमीन है और परिवार में चार भाई हैं, उन्हें खाद लेने में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं कई किसानों की उम्र 80 से 90 वर्ष तक है, ऐसे बुजुर्ग किसानों के लिए बार-बार दुकान पर जाकर बायोमेट्रिक कराना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और किसानों के लिए सरल व्यवस्था लागू करनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों को बिना किसी अतिरिक्त शर्त के पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए तथा खाद वितरण में हो रही अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही सलविंदर सिंह कलसी ने एक एकड़ पर दो बैग यूरिया खाद देने के सरकार के फैसले का स्वागत किया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# तीन सपेरों को चोरी किए लाखों के जेवरात समेत दबोचा

## दो बंद घरों से किया था सामान चोरी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शातिर सपेरा गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके कब्जे से करीब 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और बर्तन बरामद किए हैं। यह गिरोह हल्द्वानी और मुखानी क्षेत्र में बंद घरों को निशाना बनाकर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। मामले का खुलासा करते हुए एस एस पी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पहला मामला 1 मई 2026 को कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र में सामने आया, जब हरिपुर मोतिया निवासी मनोज कुमार जोशी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके बंद घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। इसके अलावा 30 अप्रैल 2026 को पूरनपुर कृष्णा पुरम मुखानी निवासी लक्ष्मण सिंह पुत्र वचन सिंह के घर का भी लॉक तोड़कर नगदी, पायल, घड़ी और अन्य सामान चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज हुई थी। उन्होंने बताया कि उनके निर्देश पर दोनों मामलों के खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल और क्षेत्राधिकारी अमित सैनी के पर्यवेक्षण में कोतवाली और मुखानी पुलिस ने संयुक्त जांच शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय पूछताछ से संदिग्धों की पहचान हुई। आरोपी हरिद्वार नंबर की बाइक से इलाके में घूमते और बंद घरों की रैकी करते पाए गए।लगातार जांच और निगरानी के बाद पुलिस ने बेल बाबा मंदिर हल्द्वानी के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान प्रदीपनाथ उर्फ मंदीप पुत्र प्रवीण निवासी ग्राम घोसीपुरा, सपेरा बस्ती चौकी, फेरूपुर, थाना पथरी, हरिद्वार और यहीं के ही निवासी गुरविंदर पुत्र देवीचंद्र और रोहितास उर्फ पोपे उर्फ बासु पुत्र संतोषनाथके रूप में हुई है। तलाशी में पुलिस ने उनके पास से सोने-चांदी के हार, मंगलसूत्र, अंगूठियां, पायल, चौन, कटोरे और अन्य कीमती सामान बरामद किया, जिनकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है। एस एस पी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे हरिद्वार से आते हैं और सपेरे का काम करते हैं। घूमने के बहाने नैनीताल आए और टीपी नगर हल्द्वानी क्षेत्र में होटल में रुककर बंद घरों की रेकी करते थे, जिसके बाद वारदात को अंजाम देते थे।जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी गुरविंदर के खिलाफ रायपुर और डोईवाला थानों में पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। इस सफल कार्रवाई पर एसएसपी नैनीताल ने पुलिस टीम को 2500 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर बड़ी सफलता माना जा रहा है।पुलिस टीम में व0उ0नि0 रोहिताश सागर, उ0नि0 मनोज कुमार, चौकी प्रभारी टीपी नगर, उ0नि0 विरेन्द्र चन्द्र, थाना मुखानी, उ0नि0 राजेन्द्र सिंह, थाना मुखानी, हे.का. इसरार नवी, टैक्नीकल टीम, दिनेश नगरकोटी, अनिल टम्टा, प्रयाग जोशी, बलवन्त बिष्ट, रविन्द्र खाती, धीरेन्द्र अधिकारी व अनिल गोस्वामी शामिल थे।

# चाउमीन के पैसे मांगने पर हुई हिंसक झड़प

## नशे में धुत युवकों ने की हवाई फायरिंग और दूसरे पक्ष के पथराव करने से मची भगदड़



रुद्रपुर। शहर के रंपुरा क्षेत्र स्थित निचला चौराहा पर चाउमीन के पैसे मांगने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान आरोपियों ने हवाई फायरिंग कर दी और दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 7:30 बजे दो बाइकों पर सवार पांच युवक निचला चौराहा स्थित एक चाउमीन मोमो की दुकान पर पहुंचे। युवकों ने चाउमीन खाने के बाद जब दुकानदार सोमवीर ने पैसे मांगे तो उन्होंने भुगतान करने से इंकार कर दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाते-जाते युवक दुकानदार को अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले गए। करीब डेढ़ से दो घंटे बाद तीन युवक दोबारा दुकान पर पहुंचे और फिर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि युवक नशे में धुत थे। देखते ही देखते उन्होंने तमंचे से चार राउंड हवाई फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से बाजार में भगदड़ मच गई और लोग जान बचाने के लिए दुकानों व गलियों की ओर भागने लगे। इसी दौरान दूसरे पक्ष की ओर से पथराव भी किया गया। सूचना मिलते ही रंपुरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर कुछ आरोपियों की पहचान कर ली है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी। हालांकि आरोपी घरों से नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने दबाव बनाने के लिए कुछ आरोपियों के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि निचला चौराहा क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार बढ़ने से आए दिन विवाद और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मदरसन कंपनी में महिला कर्मी की संदिग्ध मौत पर पिता ने दी तहरीर

लालकुआं (उद संवाददाता)। मोतीहल्दू स्थित मदरसन कंपनी में कार्यरत महिला कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ईशाई नगर नंबर 1 लामाचौड़ निवासी मनोहर लाल ने पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में कंपनी प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने और षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए हैं।तहरीर में बताया गया है कि उनकी पुत्री रिमझिम मदरसन कंपनी में कार्यरत थी। 9 मई 2026 को दोपहर लगभग 2:20 बजे जब वह कंपनी से बाहर निकल रही थी, तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। कंपनी प्रबंधन ने फोन पर सूचना दी कि रिमझिम बेहोश हो गई है और उसे एंबुलेंस से बेस अस्पताल ले जाया जा रहा है। जब परिजन बेस अस्पताल पहुंचे तो उन्हें पता चला कि रिमझिम की मृत्यु हो चुकी है। पिता का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने उनकी पुत्री को न तो प्राथमिक उपचार दिलाया और न ही समय रहते किसी नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। समय पर उपचार न मिलने के कारण ही उसकी मृत्यु हुई है।मृतका के पिता ने यह आशंका भी जताई है कि उनकी पुत्री की तबीयत सुबह से ही खराब थी, लेकिन उससे जबरन कार्य कराया गया जिससे उसकी स्थिति और बिगड़ गई। इसके अलावा उन्होंने तहरीर में उल्लेख किया है कि रिमझिम बीते दिनों हुए एक आंदोलन में भी सम्मिलित थी। इस कारण उन्होंने द्वेषवश कंपनी के भीतर किसी संदिग्ध घटना की आशंका भी व्यक्त की है। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपी दो दिन बाद भी गिरफ्त से बाहर

## एएसआई ने दी तहरीर ,गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी तेज



दिनेशपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के उदय नगर गांव में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वालों को पुलिस दो दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।उल्लेखनीय है कि हरियाणा के हांसी थाने में दर्ज साइबर ठगी के मामले में एएसआई प्रेम कुमार अपनी टीम के साथ दिनेशपुर थाने पहुंचे थे। थाने में आमद दर्ज कराने के बाद पुलिस टीम आरोपी भारत सिंह पुत्र नरेंद्र के आवास उदय नगर पहुंची। पुलिस ने जब आरोपी को थाने चलने को कहा, तो वहां मौजूद भारत और उसके साथी पुलिस टीम से उलझ गए। इसी बीच आरोपी एक गाड़ी में सवार हो गया और उसके साथियों ने वाहन के दरवाजे लॉक कर दिए। आरोपियों ने भागने के प्रयास में सामने खड़े एएसआई प्रेम कुमार पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की।खुद को बचाने के लिए एएसआई गाड़ी के बोनट पर लटक गए, लेकिन चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और उन्हें करीब पांच किलोमीटर दूर बसंतीपुर गांव तक घसीटते हुए ले गया। वहां उन्हें नीचे गिराकर आरोपी मौके से फरार हो गए।इस घटना में एएसआई को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित एएसआई ने दिनेशपुर थाने पहुंचकर आरोपी भारत सिंह और उसके आधा दर्जन अज्ञात साथियों के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने की तहरीर दी। थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 13 मई को श्री गोस्वामी आश्रम में भव्य बालाजी दरबार

रुद्रपुर। क्षेत्र के धार्मिक आस्था केंद्र श्री गोस्वामी आश्रम, सूरजपुर नंबर-1 में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया मनाया जा रहा है । श्री नीलकंठ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश बठला ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ महंत विकास शर्मा के सानिध्य में 13 मई 2026, बुधवार को रात्रि 8:00 बजे से श्री बाला जी महाराज के भव्य दरबार के साथ होगा। इस दौरान भजन-कीर्तन, संकीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बाबा का गुणगान कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि अगले दिन 14 मई 2026, गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों और नगरों से आने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्री बठला ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित समय पर पहुंचकर माता रानी एवं बाबा के दरबार में उपस्थित हों, भजन-कीर्तन में सहभागी बनें और पुण्य लाभ अर्जित करें।

## लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग, तनाव बरकरार

काशीपुर। आईटीआई थानांतर्गत पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र से बीते दिवस बहला फुसलाकर भगाई गई नाबालिग किशोरी का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। इस मामले में कुछ लोगों से चौकी में पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी जाटव समाज की एक नाबालिग किशोरी को कथित तौर पर अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ा एक युवक बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। घटना के 5 दिन बाद भी गायब किशोरी का कहीं कोई पता नहीं चला। इस मामले को लेकर जहां एक और सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बनी है।


